**खबर संक्षेप**

## हत्या के आरोपीगणों को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**मण्डला।** माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला मण्डला द्वारा आरोपीगण 1. अखिलेश पिता गलीहार धुर्वे उम्र 28 साल, 2. कत्तोबाई पति गलिहार धुर्वे, उम्र 50 साल, दोनों निवासी ग्राम पलेहरा खेरमाई टोला, थाना महाराजपुर जिला मण्डला की धारा 450, 302, 34 भा.द.स. में आजीवन कारावास एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि थाना महाराजपुर में पदस्थ उपनिरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत को दिनांक 22.08.2023 को थाना महाराजपुर के मर्ग क्र. 63/2023 धारा 174 जा.फो . की डायरी थाना प्रभारी के आदेश से अग्रिम जांच वास्ते प्राप्त हुई। डायरी में संलग्न समस्त प्रपत्रों का अवलोकन किया। डायरी में मर्ग इंटीमेशन, अस्पताली तहरीर, पंचायतनामा कार्यवाही पी.एम. कर्ता डॉ. टीम की शार्ट पी.एम. रिपोर्ट के अवलोकन एवं साक्षीगण के कथनों से पाया कि दिनांक 20.08.2023 के 08.00 से 09.00 बजे मध्य रात्रि में अभियुक्त अखिलेश धुर्वे एवं कत्तोबाई दोनो निवासी पलेहरा द्वारा एक राय होकर जगत मार्को को जान से मारने की नीयत से डंडा एवं हाथ मुक्के से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाये, जो घायल अवस्था में अपने घर ग्राम पलेहरा में था। जहां से जगत मार्को को गंभीर घायल अवस्था में दिनांक 21.08.2023 को ईलाज कराने जिला अस्पताल मण्डला लेकर आये, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत घोषित किया गया। समस्त प्रपत्रों शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संपूर्ण मर्ग जांच पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर अपराध की कायमी किये जाने के पश्चात्त साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया गया। संबंधित हल्का पटवारी से तैयार करवाया गया। साक्षीगण के धारा 164 द.प्र.स के कथन न्यायालय में करवाये गये। अभियुक्तगण के मेमोरेण्डम कथन लिये गये। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर गिरफतारी पत्रक तैयार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफतारी की सूचना उनके परिजनों को दी गई। अभियुक्तगण को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर उनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा मृतक जगत मार्को के घर में घुसकर हत्या कारित करना पाये जाने से प्रकरण में पारा 450 भा.द.स. का ईजाफा किया गया है। मामले में जब्तशुदा माल परीक्षण एफएसएल हेतु माल कराई गई संपूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 450,302,34 भा.द.स. का अपराध पाये जाने पर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

**ऋण पुस्तिका में सुधार हेतु मांगी थी रिश्वत**

# 5 हजार रिश्वत लेते बाबू धराया

*** वर्षो से जमे इन बाबू की दादागिरी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

निवास एसडीएम कार्यालय में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब बाज की तरह लोकायुक्त की टीम एसडीएम ऑफिस में दाखिल हुई और ग्रेड 3 लिपिक काशीराम मरावी को आवेदक द्वारा पांच हजार की रिश्वत लेते दबोच लिया।

निवास एसडीएम कार्यालय में लगभग पच्चीस वर्षों से पदस्थ लिपिक काशीराम मरावी पर आवेदकों द्वारा परेशान करने की अनेकों शिकायतें सुनने मिल रहीं थीं, लेकिन कहते हैं न कि शेर को भी कभी न कभी सवा शेर जरूर मिलता है।

उक्त बाबू को रंगे हाथों पकड़वाने वाला आवेदक बबलिया क्षेत्र अंतर्गत दरगढ़ गाँव निवासी गेंदलाल पिता मूलचंद जिसके पिता का नाम ऑफिसियल त्रुटि बस फूलचंद दर्ज हो गया था, जिसके सुधार हेतु आवेदन देकर कई महीनों से ऑफिस के चक्कर काट रहा था।

इस बीच त्रुटि सुधार समस्या हल करने बाबू द्वारा आवेदक से दस हजार रूपयों की मांग की गई, और अंततः आठ हजार में सौदा हुआ लेकिन गरीब आवेदक बाबू से काफी परेशान होने के बाद विषय के जानकारों के संपर्क में आया और सलाहकारों ने लोकायुक्त से शिकायत करने का सुझाव दिया यह बात आवेदक के दिमाग में बैठ गई, और फिर लोकायुक्त कार्यालय के अधिकारियों से संपर्क किया जिनकी योजनानुसार नियत दिनांक व समय पर गेंदलाल ने जैसे ही लिपिक को पांच हजार की राशि दी, तभी लोकायुक्त की टीम ने बाबू काशीराम मरावी को रुपयों सहित पकड़ लिया।



### दशकों से जमे कर्मचारी पीड़ित आमजन में आक्रोश.......................

**निवास।** आम जनता से जुड़े शासकीय कार्यों के निर्वहन व संपादन में पारदर्शिता बनी रहे इसलिए शासन स्तर से प्रत्येक वर्ष तीन वर्षों से ज्यादा समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किये जाते हैं लेकिन इस आदेश को जिम्मेदार धता बताक ... र रद्दी की टोकरी में फेक देते हैं नतीजन निवास तहसील मुख्यालय के विभि ... बेखौफ बाबूराज चल रहा है ऐसे में फरियादी और इनके जरूरी कार्य या तो लेनदेन के माध्यम से हो रहे हैं या इनको अनावश्यक पेशी दर पेशी भटकाया जा रहा है। ज्ञात हो कि निवास मुख्यालय में अनेक ऐसे शासकीय कार्यालय हैं जिनमें कार्यरत कर्मचारी दसकों से ज्यादा समय से अंगद की तरह पाँव जमाये बैठे हैं, लेकिन न तो अलाधिकारी इस पर ध्यान दे रहे न ही जिले के ट्रांसफर नीति के तहत आदेश जारी करने वाले विभाग के जिम्मेदार।



पीड़ित आवेदक गेंदा लाल



### दसकों से नियम विरुद्ध जमे कर्मचारी

शासन के निर्देश पर जिला स्तर से हर वर्ष 3 सालों से ज्यादा समय से पदस्थ कर्मचारियों के ट्रांसफर करने संबंधी आदेश जारी होता है, लेकिन संबंधित कर्मचारियों बाबुओं द्वारा नेताओं से सिफारिश करवाने या वरिष्ठ अधिकारियों से लेनदेन कर कई दशकों से अपने विभाग में अंगद के पैर की तरह न सिर्फ खुद को जमाये बैठे हैं बल्कि आम जनता से मुहमांगी रकम ऐंठ रहे हैं और फरियादी जनता अधिकांश कार्यालयों के बाबुओं के हाथों लुटने मजबूर है।

लोकायुक्त की दबिश टीम में टीएल ओ निरीक्षक शशिकला मर्शकोले, निरिक्षक जीतेन्द्र यादव, उप निरीक्षक शिशिर पाण्डे, एवं जबलपुर का लोकायुक्त दल शामिल रहा।

### इनका कहना है :-

*आवेदक की शिकायत पर लोकायुक्त टीम द्वारा लिपिक काशीराम मरावी को पांच हजार की राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है आगे की नियमानुसार कार्रवाई जारी है।*

***-जितेंद्र यादव,***
**उपनिरीक्षक लोकायुक्त मंडला**

# शुचि उपाध्याय की फिरकी गेंदबाजी में उलझी बड़ौदा



*** पांच विकेट लेकर बनी सर्वाधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

राजकोट में चल रहे सीनियर बालिका वर्ग के एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश सीनियर टीम में शामिल मंडला जिले की शुचि उपाध्याय ने पांच विकेट लेकर बड़ौदा टीम को बैक फुट में पहुंचा दिया और मध्यप्रदेश ने इस मैच में जीत दर्ज कर लिया है। बड़ौदा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया जिसमें मध्यप्रदेश ने 238 रनों का लक्ष्य दिया जिसमें अनन्या दुबे का शतक और पूजा वस्त्रकार, संस्कृति गुप्ता की शानदार बल्लेबाजी रही। बड़ौदा की ओर से चौथे विकेट की 80 रनों की साझेदारी ने मध्यप्रदेश को थोड़ा परेशान किया किन्तु शुचि उपाध्याय की शानदार गेंदबाजी ने बड़ौदा को जीतने के रास्ते से बाहर कर दिया और महज सात ओवर में बड़ौदा के पांच विकेट झटक लिए। इस टूर्नामेंट में मंडला की शुचि ने अब तक 14 विकेट हासिल कर लिया है। महाकौशल क्षेत्र मंडला जिले की शुचि के इस प्रदर्शन पर डी सी ए मंडला के भीष्म द्विवेदी, अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, निशांत झा, बसंत ठाकुर, अनिल सोनी, ललित जोशी, संजय बड़गियां,पंकज दुबे, अर्जुन भांडे,अक्षय चंद्रोल, मयंक अग्रवाल, शिवांशु तिवारी,फैजान खान आदि सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### संकल्प से समाधान विशेष अभियानः 20 फरवरी को 3 कलस्टर ग्राम पंचायत में लगाए जायेंगे शिविर

**मण्डला।** संकल्प से समाधान विशेष अभियान के अंतर्गत 20 फरवरी को 3 कलस्टर ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया जायेगा। 20 फरवरी को जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम चिरईडोंगरी, जनपद पंचायत नारायणगंज के ग्राम भावल तथा जनपद पंचायत बीजाडांडी के ग्राम कालपी में कलस्टर स्तरीय शिविर लगाया जायेगा।

# 20 आजमीने हज को लगा मेनिन जायटिस का टीका

*** सुरक्षित सफर - ए- हज की तैयारी, मण्डला मे हुआ वैक्सीनेशन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




जिला हज कमेटी मण्डला हज वेलफेयर सोसायटी एवं स्वास्थ विभाग के आपसी समन्वय से हज के मुकद्दस सफर के जाने वाले आजमीने हज को टीकाकरण, पोलियो ड्राप पिलाये जाने का कार्य सम्पन्न हुआ। इस विषेश अभियान मे हज कमेटी ऑफ इण्डिया से प्राप्त गाईड लाईन के अनुसार वेक्सिीन लागाई गई। मण्डला की फ़िज़ाओं मे दुआओं की गूंज है, आँखों में काबा शरीफ की तस्वीर और दिलों में इबादत का जज्बा लिए प्रातः 11 बजे से सभी आजमीने हज की भीड़ व चेहरों पर खास उत्साह देखने को मिला। हर हाजी के दिल मे एक ही तमन्ना सफर ए हज की कामयाबी। टीकाकरण के बाद जायरीन के चेहरों पर इत्मीनान और सुकुन साफ दिखाई दिया। हाजीयों ने कहा अब वे पूरी तसल्ली के साथ अल्लाह के दरबार मे हाजरी देने रवाना होगें। दुआओ की गूंज और अपनों की आखों मे नमी और दिलों मे एक ही ख्वाईश की कुबुल हो हर दुआ। जिले के हाजी इस मुकद्दस सफर की ओर बढ़ चले है। हाजीयों का जत्था सम्भवतः मई माह में हज के मुकद्दस सफर के लिए रवाना होगा। जिला हज कमेटी एवं स्वास्थ विभाग के आपसी सामन्जस्य तथा सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे के निर्देशन मे स्वास्थ्य परीक्षण एवं वेक्सीनेषन का कार्य स्थानीय जिला चिकित्सालय के मीटिंग हाल के डॉ.मोहसिन मंसूरी, नर्सिग ऑफिसर मनीशा यादव, आमोद श्रीवास, शरद मेश्राम, प्रकाष कुडापे एवं अन्य स्टाफ का सक्रीय योगदान रहा। जिला हज कमेटी अध्यक्ष मो.गनी, हाजी सरफराज अहमद, हाजी मो.जावेद, हाजी सईद अहमद (रानू), हाजी अब्दुल गनी, अब्दुल जाकिर खान, सैय्ययद जावेद अली, अकील अहमद व अन्य मेम्बर साहेबान उपस्थित रहे। स्वास्थ शिविर व टीकाकरण के सफल आयोजन के लिए जिला हज कमेटी के अध्यक्ष द्वारा सभी आजमीनें हज साहेबान तथा चिकित्सकीय स्टाफ प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### हिरदेनगर क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, वाहन जब्त



**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन के खनिज साधन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में खनिज विभाग, मंडला द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 17 फरवरी 2026 को हिरदेनगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज रेत के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त एक वाहन (हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेडडब्ल्यू 6626 को खनिज विभाग की टीम ने जब्त किया। कार्रवाई के दौरान वाहन को शासकीय अभिरक्षा में लेकर संबंधित चौकी प्रभारी, हिरदेनगर की सुपुर्दगी में सौंपा गया। उक्त वाहन के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खनिज निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बातों के बतासे और खाली डिब्बा जैसा है मप्र सरकार का बजट-नारायण पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत हुए मप्र सरकार के मुख्य बजट को लेकर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार का आज का बजट जनता युवाओं किसानों महिलाओं से विश्वासघात वाला बजट है। वित्त मंत्री ने आज जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। यह बजट खाली डिब्बे जैसा है जो आवाज तो बहुत करता है लेकिन उसके अंदर होता कुछ नहीं। नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की जनता और मतदाताओं से जो प्रमुख वादे किए थे, वह सारे वादे ढाई साल बाद भी वित्त मंत्री के बजट भाषण से ग़ायब दिखाई दिए। प्रदेश के किसानों, नारी शक्ति, नौजवानों और सभी वर्गों से किए गए चुनावी वादों को बजट में कोई स्थान नहीं दिया गया। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की जनता से जो चार प्रमुख वादे किए थे, उनमें किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपया प्रति क्विंटल देना,किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपया प्रति क्विंटल देना,लाड़ली बहन योजना में महिलाओं को प्रति महीने 3 हज़ार रुपया देना, घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपये में देना शामिल था लेकिन बजट में इनका जिक्र तक नहीं है। बजट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सरकार जनविरोधी है, जनता से विश्वासघात करने वाली है और वादा-खिलाफी इसका स्वभाव है। इस बजट से मध्य प्रदेश की जनता को भारी निराशा हुई है।इसके अलावा वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि पिछले बजट में जो घोषणाएं की गई थीं, उनको पूरा क्यों नहीं किया गया। वित्त मंत्री ने यह भी नहीं बताया कि आख़िर केंद्र सरकार से अगले पाँच साल में मिलने वाले करों की हिस्सेदारी में 50 हज़ार करोड़ रुपये की कमी पर सरकार की क्या रणनीति है। इसके अलावा केंद्र और राज्य के सहयोग से चलने वाली योजनाओं में चालू वित्त वर्ष में मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से कई हज़ार करोड़ की राशि का भुगतान नहीं किया गया। इन विभिन्न पहलुओं को देखते हुए साफ़ समझ में आता है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के हित को ध्यान में नहीं रख रही है और केंद्र सरकार की कठपुतली के रूप में प्रदेश की जनता के हित को केंद्र के हाथों में गिरवी रख दिया है। मनरेगा का पिछले साल की 704 करोड़ रूपए की राशि अबतक केंद्र सरकार से नहीं मिली है वहीं अबतक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि सरकार मनरेगा में कितना खर्च करेगी। आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए इस बजट में कोई नए प्रावधान नहीं हैं। कुल मिलाकर यह बजट पूरी तरह निराशाजनक और आम जनता से धोखा करने वाला बजट है।


**शपथ पत्र**

मैं ममता लालवानी शपथकर्ता / कर्ता पिता मनोज लालवानी आयु 31 निवासी सुभास वार्ड नंबर 14 तहसील एवं जिला मण्डला म.प्र. का होकर निम्न कथन शपथपूर्वक सच-सच करती हूँ:-
1-यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2--यह कि मुझ शपथकर्ता का वास्तविक नाम ममता लालवानी है जो मेरे मूल आयकर प्रमाण पत्र पेन कार्ड में दर्ज है जो कि सत्य व सही है किन्तु मेरे आधार कार्ड (नं. 4635 7850 8126) में मेरा नाम दिशा नितेश जीवतानी दर्ज कर दिया गया है जो कि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम ममता लालवानी है जो कि मेरे मूल आयकर प्रमाण पत्र पेन काड में दर्ज है।
3:-यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरा नाम दिशा नितेश जीवतानी के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम ममता लालवानी अंकित किये जाने हेतु मैं अपना स्वयं का यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ता


**समारोह** | **नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन।**

# संगठित होकर कार्य करने पर ही समाज का विकास सम्भव

*** प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश का मंडला द्वारा किया गया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा मंगलवार को मंडला पहुंचे और पड़ाव श्रीराम मंदिर कछवाहा भवन में जिला कार्यकारिणी का समाज के सर्वगुण विकास, सांस्कृतिक परंपराओं की संरक्षण और सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को समाज के उत्थान के लिए कार्य करने कि शपथ दिलाई।

वही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज हित के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करने से ही समाज का विकास संभव है। क्योंकि विभिन्न राजनीति दल ने कुशवाहा समाज को बांट कर अपना हित साध कर कार्य करते हैं। इसलिए कुशवाहा/कछवाहा अपनी ताकत को समझ कर एकजुट हो। समाज को लेकर चलें तभी समाज के मान-सम्मान की रक्षा होगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान लव-कुश के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, शशिशंकर कछवाहा, शिवराज कछवाहा, कोमल कछवाहा, महेश कछवाहा, गोपाल कुशवाहा, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, चमरू कछवाहा, सुखचैन कछवाहा, डिलन कछवाहा, काशी प्रसाद कछवाहा, भांगीलाल कछवाहा, फूंदी कछवाहा एवं अन्य कुशवाहा/कछवाहा समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक लोग मौजूद रहे, सभी सामाजिक वरिष्टों का साल श्रीफल सें सम्मान किया गया।

इसी मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी की घोषणा की गई जिसमें प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश मंडला के जिला अध्यक्ष- दुष्यंत कछवाहा, उपाध्यक्ष हरपाल कछवाहा एवं प्रमोद कछवाहा (पौड़ी), कोषाध्यक्ष उमेश कछवाहा, सचिव अजय कछवाहा, सहसचिव सुरेश कछवाहा, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुशवाहा, संगठन मंत्री मुकुल कछवाहा, संगठन मंत्री भालू कछवाहा,महिला जिला अध्यक्ष शारदा कछवाहा जिला महामंत्री हेमलता कछवाहा, युवा जिला अध्यक्ष सौरभ कछवाहा, महामंत्री सनित कछवाहा एवं मुकुल कछवाहा, अभय कछवाहा, सुनील कछवाहा, यूवराज कछवाहा, धनराज कछवाहा, सयूज कछवाहा को बनाया गया इस मौके पर कछवाहा समाज के सभी वरिष्ठ लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियो का तिलक बंधन एवं माला पहनाकर सभी को बधाई दी और समाज के लिए हर व्यक्ति को सक्रिय और एकजुट होकर कार्य करने की बात कही गई।

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष दुष्यंत कछवाहा- ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं के समक्ष समाज हित में शिक्षा, संस्कार, खेल, सेवा गतिविधियों की विस्तार और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया है।


युवा जिला अध्यक्ष सौरभ कछवाहा ने समाज जनों से सहयोग और सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि सभी वर्गों के साथ लेकर समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

# विभाग के कर्ताधर्ताओं की मिलीभगत के चलते शहरों सहित क्षेत्र में अनेक जगहों पर चल रहे अटल ज्योति योजना की बिजली से प्रभावशालियों के नलकूप

## सक्षम अधिकारियों द्वारा निष्ठा से जांच की गई तो स्थानीय स्तर के अधिकारी हो सकते हैं बेनकाब...

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।

जहां एक ओर आये दिन बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिजली बिल जरा भी बाकी होता है तो बिजली विभाग द्वारा बिल बसूली के नाम पर सिर्फ उनकी लाईन ही नही काटी जाती है। बल्कि उनके घरों में रखी हुई सामग्री की कुर्की करते हुए समाज में अपमानित करने से भी नही चुकता तो दूसरी ओर जेल तक भेजने की कार्यवाही करने में देरी नही की जाती है..? वही दूसरी ओर जब क्षेत्र में बिजली की अधिक खपत होती है और उसका उपभोक्ताओं की मीटरों से मिलना नही होता है तो सीधे साधे आम उपभोक्ताओं के ऊपर ओवर लोडिंग का भार जडते हुये उन्हें मनमाना बिल थमाने में भी कोई कसर नही छोड़ी जाती है। यह पूरी स्थिति उन लोगों के कारण बनती है जो लोग बिजली विभाग के कर्ताधर्ताओं की मिली भगत से जहां खुलेआम अटल ज्योति योजना की लाईनों से अपनी नलकूप चल रहे होते या फिर सीधे तारों से बिजली जोडकर खुलेआम बिजली चोरी करने से नही चूकते है। इस तरह बिजली चोरी रोकने का जिम्मा क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों के हाथों में होता है।









मगर जब उन्ही लोगों द्वारा बिजली चोरी की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये अभयदान दिया जा रहा हो तो फिर बिजली चोरी कैसे रूक पायेगी..। इस बात की कल्पना आसानी से की जा सकती है...? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय सिहोरा से लेकर समीपस्थ चीचली, सालीचौका, सांईखेड़ा, कौड़िया, पलोहा सहित क्षेत्र के अनेक गांव में देखने मिल रही है जहां पर जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की कृपा दृष्टि के चलते खुलेआम अटल ज्योति योजना के लाईनों से लोगों के नलकूप चलते हुये देखे जा रहा है तो दूसरी ओर सीधे तारों से कंटी फसाकर बिजली चोरी होते हुये देखने के बाद भी कर्मचारियों द्वारा अपनी आंखे बंद करते हुये देखा जाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है? जब इस तरह बिजली चोरी के चलते सांईखेडा क्षेत्र में बिजली की खपत का रिकार्ड निर्धारित उपभोक्ताओं की खपत से मेल नही होता है तो नियमों का पालन करने वाले इन उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग द्वारा ओवर लोड़िग का आरोप लगाते हुये उन्हें मनमाने बिल थमाने में कोई कसर नही छोड़ते है..? मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कुछ प्रभाव शाली लोगों को बिजली विभाग द्वारा ही संरक्षण देते हुए किस प्रकार से दूसरी योजना के तहत सप्लाई किये जाने बिजली का उपयोग कराया जा रहा है। इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल सकती है..? इस संबंध में बताया जाता है कि जहां बिजली विभाग द्वारा सरकार की अटल ज्योति योजना के तहत लोगों को गांवों में 24 घंटे बिजली प्रदान करने हेतु अलग लाईन खीची गई है तथा किसानों को अपनी खेती बाड़ी के उपयोग हेतु अलग अलग लाईन प्रदान की गई जिसके चलते जहां खेती बाड़ी के उपयोग हेतु बिजली विभाग द्वारा बिजली प्रदाय करने के लिए निर्धारित समय किया गया है। उसी समय पर बिजली प्रदान की जाती है तथा गांवों में बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को अधिक समय तक बिजली प्रदान की जाती है..? मगर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम अटल ज्योति योजना के तहत प्रदान की जाने वाली बिजली का धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है..? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जा रहा है कि किसानों के खेतों पर लगी हुई बिजली डीपी शायद बिलों के आभाव में जल लाने के बाद बदली नही जा रही है, जिसके चलते कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम गांव में अटल ज्योति योजना की बिद्युत लाईन से अवैधानिक रूप से कनेक्शन लेते हुए उसका उपयोग किया जा रहा है। मगर हद तो तब हो जाती है जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना इस बात का उदाहरण स्पष्ट हो रहा है कि शायद बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से बिजली चोरी करने वालों को शह प्रदान की जा रही है...?

क्योंकि क्षेत्र के कुछ लोगों का कहना है कि जब इस प्रकार से अवैधानिक रूप से अटल ज्योति बिजली का उपयोग करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो वह सूचना देने वाले व्यक्ति के ऊपर ही अपना रौब झाडने से भी नही चुकते है और उसके घर पहुंचकर बिजली चोरी का आरोप लगाते हुये कार्यवाही करने में भी पीछे नही रहते है..? इस बात से तो यह स्पष्ट होता हुआ जान पड़ रहा है कि इस प्रकार से नियम विरूद्व किये जा रहे अटल ज्योति बिजली के दुरूपयोग के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही न होना बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से प्रभावशाली लोगों को बिजली का उपयोग किये जाने में अपना संरक्षण प्रदान किया जा रहा है? क्योंकि इस प्रकार से धडल्ले इस 11 के व्ही लाईन से कन्टी बनाते हुए जोड़ी गई बिजली लाईन के संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों को जानकारी न हो यह तो संभव हो ही नही सकता है..? जबकि बिजली विभाग के लाईन मेनों द्वारा आये दिन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बिजली लाईनों की जांच की जाती रहती है, और इसके बाद भी इस प्रकार से दूसरी योजना की बिजली का उपयोग करना बिजली विभाग की मिली भगत की देने के आलवा और कुछ नही हो सकता है। जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि इस क्षेत्र के अन्य किसान खेती के लिए प्रदान की जाने वाली बिजली बंद होने के कारण जहां वह अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए बंचित हो रहे है? वही दूसरी ओर प्रभाव शाली लोग बिजली विभाग की मिली भगत के चलते जलबे मारते हुए नियम विरूद्व अटल ज्योति योजना की बिजली का दुरूपयोग करते हुए देखे जा रहे है? जिसके चलते बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी अनेक प्रकार के सबाल खड़े होते हुए देखे जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### सब्जी के पैसों को लेकर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सोयावीन प्लांट के पास रेवा नगर कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि में अपने बेटे दुर्गेश साहू के साथ आमगांव नाका मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाली सब्जी दुकानों पर सब्जी लेने के लिये गये हुआ था। जब प्रार्थी ने संतोष कुशवाहा की दुकान से 20 रूपया अदरक और मिर्ची लेने के बाद पचास का नोट दिया और शेष तीस रूपया बापिस मांगे तो संतोष कुशवाहा बोला कि अभी तुमने पैसा ही नही दिये और गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। वही जब प्रार्थी का लड़का बीच बचाव करने के लिये आया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### अज्ञात चोर द्वारा घर की अलमारी से पार किये जेवर सहित नगदी

**गाडरवारा।** जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के राजीव वार्ड सोया प्लांट के पास निवास करने वाले एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसी पत्नी ममता साहू अपने बच्चों के साथ घर का ताला लगाते हुये इलाज कराने के लिये शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा गई हुई थी। दोपहर 1 बजे के बाद जब लौटकर घरर पहुंची तो देखा कि घर के दरबाजे का ताला टूटा पड़ा हुआ है और घर के अंदर रखी हुई अलवारी भी खुली थी और उसमें रखा हुआ समान दो जोडी चांदी की पायल पतली वाली पुरानी, चैन घुघरू वाली पायल, पूजा वाले चांदी की 21 सिक्के तथा नगदी 6 हजार रूपया गायब थें। इस तरह घटित हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पंचायत का कार्य करने वाले मजदूर से मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम रहमा निवासी बबलू पिता शीतल मेहरा उम्र 51 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब पंचायत द्वारा गांव में सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था उसमें प्रार्थी मजदूरी कर रहा था। काम के दौरान जब प्रार्थी पिल्लर बनाने लगा तो गांव का नर्मदा मेहरा द्वारा पिल्लर बनाने से रोके जाने पर जब प्रार्थी मजदूर द्वारा इसकी शिकायत सरपंच की गई। इसी बात को लेकर आरोपी नर्मदा मेहरा द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

### बेल्ट मारकर महिला को चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के कोष्टी मुहल्ला निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने काम से कही जा रही थी उसी दौरान कामर्थ वार्ड राधा कुटी के पास नदी मुहल्ला माता वार्ड निवासी भोजराज कहार नामक युवक मिला और किसी पुरानी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थिया द्वारा गाली देने का विरोध किया तो आरोपी द्वारा बेल्ट से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### डंपर की टक्कर से दामाद सहित समघन घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया खुर्द निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपने परिवार व दामाद रामकुमार तथा समधन रमा बाई के साथ ककराघाट से वापिस गांव जा रहे थें। इस दौरान प्रार्थी के दामाद जिस मोटर साईकिल को चला रहा था उसी पर समधन बैठी हुई थी। काबरा पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे एक डंफर क्रमांक **MP15-HA**-3390 के चालक द्वारा अपने डम्फर को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी।

# नर्मदा जलापूर्ति के लिये गांव गांव खोदी गई सड़कों को लेकर आमजन हो रहे परेशान तो मासूम बच्चों की जिन्दगी को पैदा हो रहा खतरा...?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** सरकार की योजना लोगों के घरों तक नर्मदा जल पहुंचाने को लेकर किया जा रहा है निर्माण कार्य निश्चित तौर से जहां आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बन रहा है तो दूसरी ओर लगातार शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने से भी नही चूक रहा है..? सही मायने में देखा जावे तो जिस तरह सरकार द्वारा नर्मदा जल लोगों के घरों तक उसे घरेलू उपयोग में लाने का प्रयास किया जा रहा है उससे आमजन के दिलों की धार्मिक भावना को ठेंस पहुंचने से इसलिये नही चूक पा रही है। क्योंकि माँ नर्मदा जी का जल सिर्फ आचमन करने से मानव जीवन धन्य हो जाता है और इसी के चलते इस पवित्र जल को लेकर अपने घरों में पूजन के लिये उपयोग करते है। मगर सरकार की इस योजना से जहां लोगों के घरों में इसकी जलापूर्ति करते हुये उसे सभी कार्यो में उपयोग करने की जो योजना बनाई जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंझ पहुंचने से नही चूक पायेगी..? वही दूसरी जिस तरह नर्मदा जलापूर्ति के लिये शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पाईप लाईन बिछाने के लिये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा लाखों रूपया की लागत से बनी हुई नवनिर्मित शासकीय सड़को की खुदाई करते हुये शासन की संपत्ति को क्षति पहुंचाई जा रही है वह निश्चित ही अनेक सबालों को जन्म देने के साथ साथ आम लोगों के लिये परेशानी का कारण साबित होते हुये देखने मिल रही है? बताया जाता है कि नियम के अनुसार जब किसी पाईप या फिर अन्य कार्य का विस्तार किया जाता है तो उसे सड़क किनारे से खुदाई करते हुये जमीन के अंदर डाला जाता है जिसके चलते यदि बाद में जब कोई गड़बड़ी पैदा हो तो उसका सुधार कार्य किया जा सके शहर या फिर गांव के अंदर सड़क किनारे खुदाई का कार्य मजदूरों के माध्यम से कराया जाता है। मगर निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपने स्वार्थ तथा मजदूरों में खर्च होने वाल राशि को बचाने की सोच रखते हुये शहरों के अंदर मशीनों के माध्यम से लाखों रूपया की लागत से बनाई गई पक्की सड़को को बीचों बीच खोदते हुये उन्हें क्षति पहुंचाते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि मशीन के माध्यम से सड़क के किनारे खुदाई हो पाना जहां असंभव होता है और यदि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वार मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराती है तो उसमें समय तथा लागत अधिक लगेगी? इसी के चलते पक्की सड़क जर्जर होने से नही बच पा रही है तो दूसरी ओर इन सड़कों को शहर के अंदर खोदकर महीनों तक इसी तरह छोड़ देने के कारण लोगों को अपने घरों तक वाहन ले जाना मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है। इस बात की सच्चाई नगर सहित आस पास के गांवों में देखने मिल सकती है जहां पर पाईप लाइन डालने के लिये कई दिनों पहले मुख्य सड़को के किनारे खुदाई करते हुये छोड़ देने के कारण हालत यहां पर इस तरह बने हुये है कि लोग अपने बड़े वाहन तो दूर छोटे वाहन तक अपने घरों तक ले जाने में परेशान होते हुये देखे जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस स्थिति में किसी के घर कोई गंभीर स्थिति पैदा होती है तो उसके घर तक शासन की एम्बुलेंस पहुंचने की कल्पना करना निश्चित तौर से बेमानी साबित होने से नही चूक पायेगी और बीमार होने वाले व्यक्ति का भगवान ही मालिक हो सकता है?





## आज से रमजान माह की हुई शुरूआत, अल्लाह की इबादत करेंगे मुस्लिम भाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय का रहमत व बरकत वाला महीना रमजान माह आज से शुरू हो रहा है। बताया जाता है कि रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग एक महीने के रोजे रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहते है । मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू होगी। वही सुबह फजर नमाज के पहले वक्त के मुताबिक शहरी कर लोग रोजा रखते हुये दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजा इफ्तार करते हैं । आज से मस्जिदों में सामुहिक रोजा इफ्तार शुरू हो जाएगा। रमजान का महीना इबादत का महीना माना जाता है। इस महीने में जितनी भी इबादत की जाये उतनी कम होती है । रोजेदारों के लिए मस्जिदों में बेहतर इंतजाम किए जाते है। वही मगरिब की अजान के पूर्व मुस्लिम भाई अपने अपने घरों से पकवान फल मस्जिदों मे रोजेदारो के लिए पहुचते है। शाम के वक्त मस्जिद में छोटे छोटे बच्चे हाथो में इफ्तार की सामग्री लेकर काफी उत्साह के साथ पहुचते है। इस प्रकार से रमजान का खुशनुमा माहौल नगर में दिखाई देने लगा है घरों में भी इबादत की आज से शुरूआत होगी। वही मस्जिद कमेटियों व मुस्लिम भाईयो द्वारा रोजेदारों के लिए शहरी व इफ्तार के वक्त की जंत्री प्रकाशित की गई है। जिससे की रोजेदारों को वक्त की जानकारी मिल सके। मस्जिदों में हाफिज ए कुरान हाफिज द्वारा तरावीह पढ़ाई जा रही है । रमजान के इस पवित्र महीने में रोजा इफ्तार का भी कई जगह आयोजन होता है।

## शिक्षकों की अप डाऊन प्रणाली से अध्यापन कार्य प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाते हुए मनमानी राशि खर्च की जा रही है। वही दूसरी ओर स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों की अच्छी पढ़ाई नही हो पा रही है। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक शासकीय स्कूलों में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक शासकीय विद्यालयों में जहां सैकड़ो छात्र छात्राएं अध्यनरत है। वही शासकीय में पदस्थ अनेक शिक्षको द्वारा पूरे शिक्षा सत्र के दौरान अप डाऊन करने के कारण शालाओं में समय पर उपस्थित नही हो पाते है। इस कारण से कई शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यदि क्षेत्र के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में देखा जावे तो अनेक शिक्षिकों की अनुपस्थिति बनी रहती है..? वही ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलम आसानी से देखा जा सकता है, शिक्षा विभाग अच्छे वार्षिक परिणामों के लिए सतत प्रयासरत है वही शासकीय शालाओं में शिक्षक गण देरी से पहुंचते है एवं समय के पहले शालाओं से कूंच कर देते है, जिसमें बताया जाता है कि अधिकांश शिक्षक शिक्षाकाएं बाहर से ट्रेनों के माध्यम से अप डाऊन करते हुए गाडरवारा से बस पकड़ने के बाद यहां तक पहुंच पाते है ऐसे में ट्रेन की लेट लतीफी के कारण वह समय पर शाला नही पहुंच पाते, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शासकीय शालाओं का अकास्मिक निरीक्षण करना चाहिए क्योंकि कई शिक्षक 2 दिन की छुट्टी की मंजूरी और सप्ताह भर छुट्टी मनाते है, ऐसे मै पढ़ाई प्रभावित होती है वही नौनिहालों के भविष्य की चिंता भी अभिभावक को सता रही है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो कहने के लिए तो चीचली ब्लाक मुख्यालय में अनेक शासकीय कार्यालय स्थापित है मगर उनका संचालन अन्य दूसरी जगहो से होने के कारण यहां के शिक्षा विभाग के लिए बने हुए कार्यालयों में मात्र दिखाबा ही साबित होकर रह गये है?



## जहां नाबालिगों द्वारा दौड़ाये जा रहे हो ट्रेक्टर ट्राली तो फिर क्या दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद कर पाना संभव हो सकता है...?

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय क्षेत्र में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्वेश्य से पुलिस द्वारा जिस प्रकार से आये दिन जहां तहां अपना तम्बू लगाते हुए छोटे वाहनों की जांच करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए जिस प्रकार से चलानी कार्यवाही की जा रही है? मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक वाहनों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों को चलाते हुए देखा जाता है कि जो वाहन रोकने के लिए वाहन के ब्रेको तक अपने पैर तक नही पहुंचा पाते है। मगर इसके खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही करने में सफल नही होने के कारण जहां पुलिस द्वारा चलाये जाने वाले यातायात सुधार अभियान पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? वही दूसरी ओर इन नाबांलिको के वाहन चलाने के कारण आम लोगों की जिन्दगी को भी खुलेआम खतरा पैदा होता हुआ जान पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो गन्ना ढोने वाले वाहनों से क्षेत्र के अनेको जगह होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों की जाने चली जाती है। मगर पता नही कि प्रशासन इन गन्ना ढोने वाले वाहन चालको पर क्यों मेहरवान होते हुए लोगों की जिन्दगी के साथ खुली खिलबाड़ करने की छूट प्रदान किये हुए है। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि क्षेत्र की शुगर मिलों में लगी हुई गन्ना ढोने वाली ट्राली जहां नियम विरूद्व एक ट्रेक्टर में डबल डबल ट्राली लगाते हुए परिवहन करते हुए देखी जाती है और कभी कभी तो स्थिति इस प्रकार से भी देखने मिली है कि इन गन्ना से भरी हुई ट्रालियों को इस प्रकार के नाबांलिक चलाते हुए देखे जाते है जिनके ब्रेक तक पैर भी नही पूजते है। इस बात की सच्चाई विगत दिवस उस समय देखने मिली जब एक नाबांलिक किशोर गन्ने से भरी हुई ट्रेक्टर ट्राली को ले जाते हुए देखा गया। इस बच्चे को ट्रेक्टर चलाते हुए देखकर जहां अनेक लोग हैरत में पड़ गये वही पुलिस प्रशासन द्वारा आये दिन चलाये जाने वाले यातायात सुधार अभियान पर भी सबाल खड़े करते हुए देखे गये।




## पीतल नगरी चीचली में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** बच्चों को कानूनी जानकारियों से अवगत कराये जाने की सोच रखते हुये मा. म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के निर्देश अनुसार व तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी बासनिक के मार्ग दर्शन में बीते हुये पीतल नगरी चीचली के एक निजी स्कूल में विश्व सामाजिक न्याय दिवस तथा नालसा डॉन योजना (नशीलली दवाओं के प्रति जागरूकता व स्वास्थ्य मार्ग दर्शन तथा नशीली दवाओं से मुक्त भारत) विषय पर आधारित मा. यश शर्मा जे.एम.एफ.सी. गाडरवारा की मौजदूगी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर यश शर्मा व्यवहार न्यायाधीश द्वारा उपस्थित युवाओं को उनके शक्तियों से अवगत कराते हुये स्कूली बच्चों को बताया कि जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही डिजिटल साक्षरता और साईबर सुरक्षा से जुडे अहम बिंदुओ से भी अवगत कराते हुये जागरूक किया गया। वही मोबाईल के माध्यम से घटित होने वाले अपराधों जैसे अश्लील वीडियो, मैसेज, टिप्पणीया न करने की एवं सायबर क्राइम जैसे फर्जी काल या संदेश सहित ओटीपी से बचने की सलाह दी गई। इस दौरान नशा के दुष्प्रभावो से अवगत करते हुये कहा कि नशा इस तरह की चीज है कि वह उसके आदि होने वाले के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बाद करने से नही चूकता है।



### अज्ञात चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर पार की गई नगद राशि



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस गांधी वार्ड सिंधी कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी शिकायत में बताया है कि मेरी चीचली तिरहा के पास मनोज टी स्टाल के नाम से चाय दुकान है। वही कुछ दूरी पर प्रार्थी के भाई भगवान दास प्रतवानी की पान दुकान है। बीते हुये दिवस प्रार्थी का बडा भाई अपनी दुकान बंद करके घर चले गये थें। इसके बाद गुड्डू विश्नोई नामक व्यक्ति द्वारा उन्हें बताया कि तुम्हारी दुकानों के ताले टूटे पड़े है। जब प्रार्थी व उसके भाई भगवानदास द्वारा अपनी अपनी दुकानों पर आकर देखा तो ताले टूटे पड़े हुये थें। वही प्रार्थी की दुकान के अंदर ड्राज में रखे हुये लगभग 53 00 रूपया नगदी व भाई भगवान दास की दुकान में रखे हुये 7200 रूपया गायब थे। इस तरह अज्ञात चोर द्वारा दोनों दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिये जाने के चलते पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।


## घरेलू बंटवारे को लेकर भतीजे ने चाची से की मारपीट



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** घरेलू बटवारा कभी कभी इस तरह से होता है कि वह सभी रिस्तों को तोड़ते हुये परिवार के सदस्यों को एक दूसरे का दुश्मन बनाने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार का हाल समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुगारिया में देखने मिली है। जहां पर बटवारे की बात को लेकर भतीजे ने अपनी माँ समान चाची के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में ग्राम डुगरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस वे अपने घर के अंदर खाना खा रही थी उसी दौरान भतीजा तेजराम धानक आया और बटवारे की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा आरोपी को गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

खबर संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत एक गंभीर



**डिंडौरी** अमरकंटकदृडिंडौरी नेशनल हाईवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गाड़ासरई डिपो के नजदीक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गईए जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए बाइक सवार अमरकंटकदृडिंडौरी मार्ग से गुजर रहे थेए तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवायाए जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक की पहचान आसपास के गांव के निवासी के रूप में बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गाड़ासरई पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## लंबे इंतजार के बाद अनूपपुर मंडल अध्यक्ष की घोषणा, ब्रजेश चतुर्वेदी को मिली जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में लंबे समय से प्रतीक्षित अनूपपुर मंडल अध्यक्ष पद की घोषणा आखिरकार हो गई है। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार विधानसभा अनूपपुर अंतर्गत अनूपपुर मंडल की कमान अब ब्रजेश चतुर्वेदी को सौंपी गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश संगठन की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। आदेश प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी किया गया, जिसकी प्रति जिला अध्यक्ष सहित संबंधित पदाधिकारियों को प्रेषित की गई है। आदेश के सामने आते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पिछले कई महीनों से मंडल अध्यक्ष पद को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। ऐसे में ब्रजेश चतुर्वेदी के नाम पर मुहर लगने के बाद कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नए नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। पार्टी कार्यालयों और सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। कई कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इससे जमीनी स्तर पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और चुनावी तैयारियों को देखते हुए यह नियुक्ति काफी अहम मानी जा रही है। अनूपपुर मंडल में नए अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी की गतिविधियों में सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कलेक्टर ने ग्राम जमुड़ी में किसान फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज जमुड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी ली कि पंचायत क्षेत्र में कुल कितने किसान हितग्राही हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अपलोड की जानी शेष है। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 513 किसान हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री प्रविष्टि की जानी है। इस दौरान कलेक्टर ने अधीक्षक भू-अभिलेख एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि आगामी दो से तीन दिनों में विशेष अभियान संचालित कर अधिकाधिक किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराया जाए।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं, कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



कक्षा 12वीं की रसायन शास्त्रए इतिहासए एपीसी एवं व्यवसायिक अध्ययन विषयों की बोर्ड परीक्षा जिले के सभी 65 परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

डिंडौरी

जिले में कुल 6492 छात्र.छात्राएं परीक्षा हेतु सम्मिलित थेए जिनमें से 6327 परीक्षार्थी उपस्थित रहेए जबकि 165 छात्र.छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा सुरक्षा संबंधी सभी दिशा.निर्देशों का पालन कराया गया। इस दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का जायजा लिया तथा केंद्राध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्षए पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने परीक्षा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शेष परीक्षाएं भी इसी प्रकार सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग की जा रही हैए जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## कलेक्टर ने जैन मुनि से की सौजन्य भेंट, विकास कार्यों पर लिए सुझाव



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जैन धर्मशाला डिंडौरी पहुंचकर जैन समुदाय के महान संत एवं भावना योग प्रणेता प्रमाण सागर महाराज से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने महाराज श्री के प्रवचन स्थल पर उपस्थित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विकास कार्यों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान कलेक्टर ने शिक्षाए स्वास्थ्यए महिला सशक्तिकरणए पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन और सुझाव लिए। इस अवसर पर प्रमाण सागर महाराज ने नैतिक मूल्योंएजनभागीदारी और सेवा भावना के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ही जिले को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि जिला प्रशासन समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संतों के मार्गदर्शन से समाज में जागरूकता और सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है, जो विकास की मजबूत आधारशिला है। वहीं महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिकारी सदैव बेहतर कार्य करने का प्रयास करते हैं और पूरी निष्ठा से जनता को लाभान्वित करने में जुटे रहते हैंए किन्तु पूर्णता की गारंटी कोई नहीं दे सकता। इसलिए निरंतर सुधार और सेवा भावना के साथ कार्य करना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी सीएए रितेश जैनए एडवोकेट सम्यक जैन पार्षद रितेश जैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# आदतन अपराधी पर चला जिला बदर का डंडा, 24 घंटे में इलाका छोड़ने का आदेश

### लगातार आपराधिक गतिविधियोंए बाउंड ओवर और नए मामलों के बावजूद सुधार नहीं होने पर जिला दण्डाधिकारी का सख्त आदेश

डिंडौरी




जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शानू उर्फ अनुज चौहान को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया है। यह आदेश जिला दण्डाधिकारी अंजू पवन भदौरिया द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम 1990 की धारा 5 ;कद्धए ;खद्ध एवं ;गद्ध के अंतर्गत पारित किया गया। जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में प्रचलित दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 03ध्2024 में पारित आदेश के अनुसार अनावेदक शानू उर्फ अनुज चौहानए उम्र 26 वर्षए निवासी आम्बेडकर वार्ड नर्मदागंजए थाना कोतवाली डिण्डौरी को डिण्डौरी जिला सहित समीपवर्ती राजस्व जिलों मण्डलाए जबलपुरए उमरियाए अनूपपुरए शहडोल तथा छत्तीसगढ़ के गोरेला.पेन्ड्रा.मरवाही ;जीपीएमद्ध जिले की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि अनावेदक वर्ष 2016 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध मारपीटए गाली.गलौचए जान से मारने की धमकीए अवैध वसूलीए लूट एवं अपहरण जैसे आरोपों में कई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसके अतिरिक्त उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 107ए 110 एवं 151 के अंतर्गत अनेक प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी की गईंए जिनमें न्यायालय द्वारा उसे बाउंड ओवर किया गयाए किंतु उसके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ।

न्यायालय द्वारा दिनांक 04 जुलाई 2024 को अनावेदक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। इसके जवाब में अनावेदक ने स्वयं को दोषसिद्ध न किए जानेए गरीब होने तथा परिवार के भरण.पोषण की जिम्मेदारी का हवाला देते हुए जिला बदर की कार्यवाही का विरोध किया। वहीं पुलिस की ओर से प्रस्तुत प्रतिउत्तर में बताया गया कि न्यायालयीन कार्यवाही लंबित रहने के दौरान भी अनावेदक नए आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गयाए जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह कानून के भय से मुक्त होकर निरंतर अपराध कर रहा है। प्रकरण के समस्त अभिलेखोंए पुलिस प्रतिवेदनए जवाब.प्रतिउत्तर एवं विधिक स्थितियों पर विचार के पश्चात न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकाला कि अनावेदक की गतिविधियों से आमजन में भय का वातावरण निर्मित हो रहा है तथा क्षेत्र की शांति व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। न्यायालय ने यह भी कहा कि केवल दोषसिद्ध न होना अथवा आर्थिक स्थिति को आधार बनाकर समाजविरोधी गतिविधियों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आदेश के अनुसार अनावेदक को आदेश की प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर निर्दिष्ट जिलों की सीमा से बाहर जाना होगा। आदेश की अवधि में बिना अनुमति निष्कासित क्षेत्रों में प्रवेश करने पर उसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही न्यायालयीन पेशियों के दौरान उसे पहले थाना कोतवाली डिण्डौरी में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जिला प्रशासन ने आदेश की प्रतिलिपि संबंधित जिलों के कलेक्टरोंए पुलिस अधीक्षकों एवं जिला जनसम्पर्क अधिकारी को भेज दी हैए ताकि आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके।



# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

**डिंडौरी न्यूज।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेयए महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री श्याम सिंगौरए जिला स्वास्थ्य अधिकारी.1 डॉण ममता दीवानए जिला स्वास्थ्य अधिकारी.2 डॉण जयश्री मरावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखंड स्तर से समस्त खंड चिकित्सा अधिकारीए बीण्पीण्एमण बीण्ईण्ईण एवं बीण्सीण्एमण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 01 अप्रैल 2025 से 18 फरवरी 2026 तक विभाग अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इनमें एणएनण्सीण पंजीयनए सीवियर एनीमियाए पीण्आईण्एचण प्रबंधनए टीकाकरणए पोषण पुनर्वास केंद्रए परिवार कल्याणए आयुष्मान कार्ड निर्माणए मातृ एवं शिशु मृत्यु दरए सिकल सेल एनीमियाए सुगढ टूरी अभियान तथा टीण्बीण उन्मूलन कार्यक्रम शामिल रहे। समीक्षा के दौरान जिन कार्यक्रमों में उपलब्धि अपेक्षाकृत कम पाई गईए उनमें सुधार हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। बैठक में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड ;एनण्क्यूण्एण्सीण्द्ध के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों की भी सराहना की गई। उपस्वास्थ्य केंद्र बांसाए राखीए बस्तरा ;शहपुराद्धए उपस्वास्थ्य केंद्र निघोरी ;अमरपुरद्ध एवं उपस्वास्थ्य केंद्र रूषा ;डिण्डौरीद्ध को नेशनल टीम द्वारा किए गए आकलन में बेहतर सेवा प्रदायगी के लिए राज्य कार्यालय से प्रमाण.पत्र प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय ने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने का आह्वान किया।



## अमरपुर अलोनी में आरसेटी का जूट उत्पाद प्रशिक्षण बैच संपन्न

**डिंडौरी** अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ;आरसेटीद्धए डिंडोरी द्वारा संचालित जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एसण एसण समद ने कहा कि जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए आय संवर्धन का बेहतर माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर परीक्षक आनंद सिंह एवं श्रीमती आरती अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया तथा उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अलोनी के सरपंच गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण में डोमेन स्किल ट्रेनर कुण सुधा साकेत एवं फैकल्टी सदस्य श्री ओम जी मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जूट से विभिन्न उपयोगी एवं बाजारोन्मुख उत्पाद बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

# भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न, संगठन को मजबूत बनाने पर हुआ मंथन

### नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी कमल प्रताप सिंह का प्रथम जिला आगमन पर हुआ भव्य स्वागत।

डिंडौरी



भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा जिला संगठन के जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह की नियुक्ति होने के बाद डिंडोरी प्रथम जिला आगमन पर जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण जनप्रतिनिधि ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सर्व प्रथम अतिथियो ने भारत माताए पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ए डॉण श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में जिले के भाजपा संगठन प्रभारी कमल प्रताप सिंह जी ने जिले के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता गण मण्डल अध्यक्षो व प्रभारियों से वन टू वन चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संगठन को मजबूत करने आया हूं. कमल प्रताप जिला संगठन प्रभारी कमल प्रताप ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं यहाँ संगठन को मजबूत करने और आप सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग आया हूं। मेरा महीने में तीन ए चार बार जिले का प्रवास रहेगाए ताकि समन्वय बढ़े और कमजोर बूथ की कर्मियो को दूर किया जा सके। प्रत्येक कार्य की समीक्षा हो बूथ स्तर पर काम की समीक्षा के लिए मंडल अध्यक्ष और जिला प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य होना चाहिए। संगठन की जिम्मेदारी को पूरी ताकत और ईमानदारी से निभाने का समय है। हम मिलकर मंडल स्तर तक जाकर कमजोर बूथ और शक्ति केंद्रों को मजबूत करने का काम करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं शाहपुरा क्षेत्र के लाडले विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी और फिर पहली अर्थव्यवस्था बनेगा। ये सपना पूरा करने वाले हम सब कार्यकर्ता होंगे। साथ ही बूथ स्तर की समिति का सत्यापन जल्द से जल्द हो भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने भाजपा का मजबूत संगठन की बात करते हुए जिला का संपूर्ण व्रत रखा और आजीवन सहयोग की राशि जल्द से जल्द एकत्रित करने को कहा साथ ही जिला भाजपा के सभी कार्यक्रमो की रूपरेखा रखी तथा आगामी होने वाले कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी कार्यक्रमो को जमीनी स्तर पर उतारने का आव्हान किया। मंच का संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने किया पंजीयन करता दीपका भारद्वाज ए रजनी मंदे का सहयोग रहा ये रहे मंचासीनरू. इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय मंत्री शहपुरा क्षेत्र के लाडले विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भाजपा संगठन के जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूतए पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया पूर्व महामंत्री राजेंद्र पाठक पूर्व विधायक डी सी उरेती जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारीए बद्री प्रसाद साहू उपाअध्यक्ष श्री मती इंद्रा धुर्वे इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारीए भाजपा जिला उपाअध्यक्ष राजेंद्र दुबे संतोष साहूए शोभित मरावीए महेश धूमकेतुए कार्यालय मंत्री पवन शर्मा जिला मंत्री नरबदिया मरकाम ए सपना जैनए मालती तिवारीए गणेश सोनवानीए गजेंद्र करचाम ललिता धुर्वेए आई टी संयोजक राहुल पांडे जिला पंचायत उपाअध्यक्ष अंजू व्यवहारए जिला पंचायत सदस्य प्रीटम मरावी हेमवती राजपूत हीरा परस्ते सह कोशा अध्यक्ष अरविन्द तिवारी स्वेता जैनए परसराम नागेश राकेश परस्ते जितेंद्र चंदेल मंडल अध्यक्ष आशीष वेसए सुदामा बर्मनए अनिल साहूए शिवराम राजपूतए हीरेंद्र मरावी आकाश नामदेव धनेश धन्यजय राजेंद्र तिवारी सुरेश नायक रोहित मरकाम दिलीप झरिया रामस्वरूप साहू आत्म सिंह धुर्वे बाबू लाल बंजारा व आपेक्षित श्रेणी के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर में हिरन की मौत



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को सुबह सुबह जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर ग्राम पडरिया के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा हिरन की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह सुबह जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क मार्ग पार करते समय हिरन को टक्कर मार दी थी जिसे गंभीर चोटें आई थीं। मौके से गुजर रहे राहगीर ने वन विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों द्वारा तत्काल इलाज के लिए ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।वन विभाग के नियमानुसार पी एम के उपरांत उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### कलेक्टर द्वारा प्राप्त दावे व आपत्तियों की जांच

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों के निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की जांच तहसील नरसिंहपुर में की गई। यह दावा-आपत्ति 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सर्वाधिक प्राप्त फार्म- 6 एवं फार्म- 7 वाले चयनित मतदान केन्द्रों के प्रपत्रों का परीक्षण किया गया। उन्होंने मतदान केन्द्र क्रमांक 53 मुर्गाखेड़ा, 54 डोंगरगांव, 83 खापा एवं 236 रानी अवंतीबाई वार्ड से प्राप्त फार्म- 6 और मतदान केन्द्र क्रमांक 66 झामर, 236 एवं 237 रानी अवंतीबाई वार्ड नरसिंहपुर तथा 245 नकटुआ से प्राप्त फार्म- 7 की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नरसिंहपुर को निर्देशित किया कि वे प्राप्त प्रपत्रों में पाई गई कमियों के संबंध में आवश्यक सुधार सुनिश्चित कराएं। इस कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित हो।

### दो छात्राओं का राष्ट्रीय खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो प्रतिभावान छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। भारत सरकार द्वारा पहली बार आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए महाविद्यालय की महिला फुटबॉल खिलाड़ी खैरी कामती गाडरवारा की नंदिनी ठाकुर और ग्राम उसरी- गोरखपुर की रवीना ठाकुर का चयन हुआ है।

## बजट को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया जारी

# सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है बजट: रामस्नेही

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस विधान सभा मे पेश किए बजट को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया जारी है। कुछ लोग बजट को लाभकारी बता रहे है तो कुछ लोग बजट को घाटे का बजट निरूपित कर रहे। सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में युवाओं को उमद्य में बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई गई। श्रमिकों को लिए प्रावधान रखा गया। मजरा टोला सड़क योजना लागू की गई। मछली पालन को भी प्रोत्साहन दिया गया। सौर ऊर्जा के लिए भी प्रावधान रखा गया है। बजट में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार देना मुख्य उद्देश्य बताया गया है। युवाओ को रोजगार से जोड़ने की बात भी बजट मे की गई। बजट को लेकर लोगों द्वारा प्रतिक्रिया दी जा रही है।

### सर्वहितैषी है बजट : रामस्नेही




*भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है। वह प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है। यह विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विकसित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का बजट है। आज प्रस्तुत बजट 438317 लाख करोड़ का है। जो अब तक प्रस्तुत बजट में सबसे बड़ा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की चार जाति गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी को कल्याण से रेखांकित किया है। मोहन यादव जी ने इसे आगे बढ़ाते हुए इसमें इंडस्ट्री और इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर विकास संज्ञा दी है। बजट में जहां एक ओर अधोसंरचना के विकास के साथ साथ रोजगार के सृजन के लिए इडस्ट्रीयों को आकर्षित करने हेतु बजट में घोषणाएं की गई है। साथ ही नगरीय निकायों के आधारभूत विकास हेतु 5000 करोड़ की द्वारका योजना लाई गई है। जिससे शहरों का विकास हो सकेगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इस हेतु किसानों की आय एवं उपज में वृद्धि हेतु बजट में विशेष प्रबंध किए गए है। साथ ही लाड़ली बहनाओं के लिए बजट में 24000 करोड़ का प्रबंध किया गया है। जो 2003 के कांग्रेस के साल भर के बजट से भी बड़ा है। उन्होने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बजट में प्रदेश की जनता पर किसी भी प्रकार का नया कर न लगाकर मध्यम व गरीब वर्ग को राहत प्रदान की गई है। बच्चों के शारीरिक विकास हेतु अब स्कूलों में मुफ्त दूध उपलब्ध कराया जायेगा साथ 15000 शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। उक्ताश की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।*

### आत्निर्भता को बढवा देगा बजट : जालम सिंह



पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत है यह बजट जनकल्याण और विकास को समर्पित यह बजट प्रदेश के हर वर्गकृकिसान, युवा, महिला और गरीबकृको ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बजट में कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधान किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। सिंचाई, सड़क और ग्रामीण अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिलेगी युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख योजनाओं और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों की भी सराहना करता हूं महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ाया गया बजट समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत आधार प्रदान करेगा। में यह विश्वास जताता हूं कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला साबित होगा प्रदेश सरकार विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और यह बजट उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



सड़कों और बुनियादी ढांचे के लिए किए गए प्रावधानों से गोटेगांव सहित पूरे जिले में विकास की नई लहर आएगी। तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश को गति देने वाला बजट बताया।

### किसानों की आर्थिक मे होगा सुधार: श्री सोनी



मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट 2026 को लेकर जिले में राजनीतिक, शैक्षणिक, व्यापारिक और छात्र संगठनों के बीच विविध प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां सत्तापक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने इसे विकासोन्मुखी और जनहितैषी बताया, वहीं विपक्षी नेताओं और छात्र संगठनों ने इसे लोकलुभावन और भेदभावपूर्ण करार दिया है। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने बजट को जनहितैषी और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि नहरों के विस्तार और सिंचाई योजनाओं पर विशेष जोर से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### जनता के साथ फिर छलावा संजय शर्मा



इसके विपरीत, पूर्व विधायक संजय शर्मा ने बजट को बंद मुट्ठी में लड्डू जैसा सपना बताते हुए इसे जनता के साथ छलावा करार दिया। जिला अध्यक्ष एनएसयूआई ईशान राय का कहना है कि बजट में जिले को फिर खाली हाथों की तरह ना इंजीनियरिंग कॉलेज ना कृषि कॉलेज और ना ही युवाओं के रोजगारों के लिए कोई भी संसाधन हमारे जिले के के साथ ऐसा पक्ष बात क्यों कर रही है भाजपा सरकार जबकि हमारे जिले में दो मंत्री और चारों विधायक भाजपा भी फिर ऐसा पक्षपात क्यों हमारे जिले के साथ रोजगार सृजन और महंगाई नियंत्रण पर और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुल मिलाकर, बजट को लेकर जिले में समर्थन और विरोध दोनों स्वर मुखर रहे। पूर्व छात्र नेता कु. ओशी कुशवाहा ने छात्रावासों की संख्या बढ़ाने, बस पास में छूट तथा आईटीआई व स्किल डेवलपमेंट कोर्स के लिए अधिक बजट की मांग की।

## कांग्रेस की बैठक में लिये महत्वपूर्ण निर्णय




**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मुशरान भवन में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी चैहान एवं नरसिंहपुर सहप्रभारी हिमांशु बर्वे ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार के कारण बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। सरकार की जन विरोधी नीतियों और कांग्रेस की सर्वहारा वर्ग हित की नीति को जन जन पहुंचने के लिए ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं वार्ड स्तर तक ले जाने के लिए सभी को यात्रा करना होगी। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने जिले की संरचनात्मक जानकारी देकर प्रदेश सरकार के बजट को युवा विरोधी बताया और कहा कि इसमें रोजगार के लिए युवाओं के लिए संभावना नहीं है। उक्त मौके पर रोहित पटेल, अतुल चौरसिया, एन एस यू आई जिला अध्यक्ष ईशान राय सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लंबित प्रकरण, सुशासन, भूमि आबंटन प्रकरण, धारणाधिकार से संबंधित प्रकरण सीएम हेल्पलाइन आदि से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देवंती परते, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने धारा 11 के तहत लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र निराकरण कर प्रकाशन कराने के निर्देश दिये। धारा 11 की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद धारा 15 की कार्यवाही पूर्ण होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय में दर्ज भू प्रकरणों के रिकार्ड अद्यतन के कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि रिकार्ड अद्यतन के लिए मानक चेक लिस्ट का पालन किया जाये। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।

## तिरका गांव की मुख्य सड़क पर गंदा पानी जमा, ग्रामीणों में रोष



**गोटेगांव।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत राजा कछार के तिरका गांव में मुख्य मार्ग पर लंबे समय से गंदा पानी जमा है। ग्रामीणों के अनुसार प्रहलाद पटेल के मकान के सामने 24 घंटे पानी भरा रहता है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को कई बार अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या के निराकरण की मांग की है।

## खेत से पीतल के नोजल, खाद व उड़द की चोरी; 65 हजार रुपये हड़पने का आरोप



**गोटेगांव।** समीपवर्ती थाना ठेमी क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में एक किसान के खेत से कृषि सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान राजेन्द्र सिंह राजपूत (60) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय नरसिंहपुर में शिकायत दर्ज कराई है।

आवेदन के अनुसार खेत की टपरिया में रखे 20 पीतल नोजल, 5 बोरी डीएपी खाद, 4 बोरी यूरिया एवं 4 क्विंटल उड़द चोरी कर ली गई। आरोप है कि ग्राम देवनगर निवासी मोहन चौधरी, जो परिवार सहित खेत में मजदूरी करता था, 13 फरवरी की रात फरार हो गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी को मजदूर भुगतान हेतु दिए गए 20,000 रुपये तथा पूर्व में उधार दिए गए 45,000 रुपये भी वापस नहीं किए गए। कुल 65,000 रुपये की राशि हड़पने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार रात गोटेगांव थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कल से पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं

### 9 जनशिक्षा केंद्रों में शामिल होंगे 5421 छात्र छात्राएं

**तेंदूखेड़ा।** कल 20 फरवरी से कक्षा आठवी एवं पांचवी की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होंगी जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रश्न पत्रों का भी वितरण कर दिया गया है।विकासखंड के 9 जनशिक्षा केंद्रों पर संचालित होने जा रही है। जिसमें लगभग 5421 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं हेतु 9 जन शिक्षा केंद्रों पर 34 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से 4:30 तक कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा संचालित कराई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी जनशिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी छात्र छात्राएं पूर्ण रूप से परीक्षा में सहभागी बने इस हेतु जन शिक्षकों के साथ साथ सभी प्रधान पाठकों और शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया है। वहीं परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग छात्राओं के लिए एक एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। विशेष दिव्यांग बच्चों को गृह आधारित मूल्यांकन अर्थात घर पर ही प्रश्न पत्रों को हल करने की सुविधा शासन द्वारा प्रदान की गई है। प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत केंद्र पर उन उत्तर पुस्तिकाओं को समाहित करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं विकासखंड में कक्षा पांचवी में 2892 एवं आठवीं कक्षा में 2529 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षार्थियों की केंद्र पर शत प्रतिशत उपस्थिति रहे इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश सभी जन शिक्षकों एवं शाला संबंधित शिक्षकों को भेज दिए गए हैं। सभी केंद्रों पर छात्र-छात्राओं के लिए जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बीआरसी द्वारा सभी केंद्र अध्यक्षों को दिशा निर्देशित कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर एक केंद्र अध्यक्ष एवं एक-एक सहायक केंद्र अध्यक्ष भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

## मानसिक स्वस्थता एवं कल्याण पर कार्यशाला





**तेंदूखेड़ा।** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में एक कार्यशाला शासकीय महाविद्यालय में आयोजित की गई।इस अवसर पर महाविद्याल के प्राचार्य डॉ. आर.के.झा के द्वारा छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वाथ्य एवं छात्र कल्याण हेतु विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं है। बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और भविष्य का निर्माण करती है। लेकिन जब छात्र मानसिक रूप से तनावग्रस्त चिंतित या दबाव में होते हैं। तो वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाते। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि एक स्वस्थ मन ही स्वस्थ जीवन की नींव होता है। आज के समय में छात्रों पर पढ़ाई का दबाव भविष्य की चिंता प्रतियोगिता और सामाजिक अपेक्षाएँ लगातार बढ़ रही हैं। इसके कारण कई छात्र तनाव अवसाद और आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं। यह स्थिति न केवल उनकी शिक्षा को प्रभावित करती है बल्कि उनके व्यक्तिगत जीवन और सपनों को भी कमजोर कर देती है। छात्र कल्याण के लिए आवश्यक है कि हम एक सकारात्मक और सहयोगी वातावरण बनाएं।जहाँ छात्र खुलकर अपनी बात कह सकें। शिक्षकों और पालकों को छात्रों को समझना चाहिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए न कि केवल परिणाम के आधार पर उनका मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही छात्रों को भी अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए नियमित व्यायाम पर्याप्त नींद सकारात्मक सोच और अपने प्रिय कार्यों में समय बिताना मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। हमें यह समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है बल्कि सीखने का एक अवसर है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जेतवन धाबर्डे उपस्थित रहें।जिन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छत्राओं को अवसाद से बचे रहने के लिए बातबीच के माध्यम से अनेंकों उपाय बताये उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय की सुश्री राधा गौड़ डॉ बी.डी. विश्वकर्मा, डॉ. मनीषा वर्मा डॉ प्रशांत कुमार डॉ दीपेश ठाकुर उपस्थित रहे।संचालन भानुप्रताप प्रजापति ने किया।

## बजट पर प्रतिक्रिया

# सत्ता पक्ष ने बजट को प्रदेश को गति देने वाला और विपक्ष ने केवल आंकड़ों का मायाजाल बताया

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। सरकार ने इस बजट को ज्ञानी मॉडल पर आधारित बताते हुए प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 2 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का रोडमैप तैयार किया है। तेंदूखेड़ा जैसे कृषि प्रधान क्षेत्रों के लिए इस बजट में किसान कल्याण वर्ष और मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना जैसे बड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार ने पिछले साल के ज्ञान गरीब युवा अन्नदाता नारी मंत्र में दो नए आई जोड़े हैं जिनमें इंडस्ट्रिय लाइजेशन औद्योगिकी करण और इंफ्रास्ट्रक्चर अधोसंरचना किसानों के लिए वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88910 करोड़ रुपये का प्रावधान है।महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जबकि नारी कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 1.27 लाख करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं।मध्य प्रदेश रोलिंग बजटआगामी 3 वर्षों का अनुमान पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। बजट में ग्रामीण अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है। जिले की उन छोटी बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के तहत करोड़ों के कार्य प्रस्तावित हैं। साथ ही सिंचाई परि योजनाओं के लिए 14742 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जिससे क्षेत्र के किसानों को बेहतर जल प्रबंधन की उम्मीद है। एक ओर जहां सत्ता पक्ष इस बजट को स्वर्णिम मध्य प्रदेश की आधारशिला बता रहा है। वहीं विपक्ष और स्थानीय नेता इसे कर्ज आधारित और चुनावी चुनावी घोषणाओं का पुलिंदा करार दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि बजट के ये बड़े प्रावधान तेंदूखेड़ा के खेतों और गलियों तक कितनी जल्दी और किस रूप में पहुँचते हैं।

### मप्र को गति देने वाला बजट



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को गति देने वाला बजट प्रस्तुत किया है। निश्चित तौर पर किसानों की बेहतरी सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ावा देने युवा बेरोजगारों के कल्याण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सहित उन सभी विन्दुओं को प्राथमिकता में रखा है जिससे संपूर्ण प्रदेश को गति मिलेगी। विकास में सहायक सड़कों को प्राथमिकता दी गई है। और नरसिंहपुर जिले के विकास में चार चांद लगाने वाला बजट है।

### केवल आंकड़ों का मायाजाल



तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा ने यह बजट केवल शब्दों की बाजीगरी और आंकड़ों का मायाजाल बताया है। सरकार ने किसान कल्याण वर्ष घोषित तो कर दिया लेकिन धरातल पर अन्नदाता आज भी खाद और उपज के सही दाम के लिए संघर्ष कर रहा है। रोलिंग बजट जैसे भारी-भरकम शब्द केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए हैं। वास्तविकता यह है कि प्रदेश कर्ज के दलदल में धंसता जा रहा है और बजट का एक बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने और पुरानी योजनाओं की घोषणाओं को दोहराने में चला जाता है। युवाओं के लिए रोजगार के कोई ठोस आंकड़े इस बजट में गायब हैं। कुलमिलाकर बंद मुट्ठी में लड्डुओं के सपने दिखाए गए हैं।